भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
10.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1761 का उत्तर

चोलन एक्सप्रेस और एर्नाकुलम-कराईकल एक्सप्रेस का ठहराव

1761. श्री दुरई वाइको:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार चोलन एक्सप्रेस और एर्नाकुलम-कराइकल एक्सप्रेस (रेलगाड़ी सं. 16187/16188) सहित चयनित एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को तिरुवेरुम्बूर रेलवे स्टेशन पर ठहराव प्रदान करने पर विचार कर रही है ताकि श्रमिकों, विद्यार्थियों एवं यात्रा करने वाली जनता को सुविधा प्राप्त हो और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार का जनता की मांग, औद्योगिक श्रमिक आवागमन और समग्र यात्री सुविधा के दृष्टिकोण से तिरुवेरुम्बूर में कम से कम कुछ एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के ठहराव को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रारंभिक कार्रवाई करने का प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): तिरुच्चिप्पल्ली से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित तिरुवेरुम्बुर स्टेशन को वर्तमान में 6 मेल/एक्सप्रेस और 17 पैसेंजर गाड़ियों द्वारा सेवित किया जा रहा है। ये सेवाएं अन्य बातों के साथ-साथ तिरुच्चिराप्पल्लि, कराईकल आदि शहरों को भी संपर्कता मुहैया करा रही हैं।

इसके अतिरिक्त, तिरुच्चिराप्पल्ली स्टेशन 120 मेल मेल/एक्सप्रेस और 35 पैसेंजर गाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित है।

इसके अलावा, गाड़ी सेवाओं के ठहराव का प्रावधान एक सतत प्रकिया है, जो खंड पर अतिरिक्त समय की उपलब्धता और प्लेटफॉर्म की लंबाई आदि जैसी संगत अवसंरचना उपलब्धता सहित यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, आदि पर निर्भर करता है।

*****